Email id:dm-usn-ua@nic.in
फोन नं0–05944–242344 / फैक्स नं0–05944–250408

पूर्व मे मेल प्राप्त

जिलाधिकारी
उधमसिंह नगर।

5470 86
30/4/26

सेवा में,

सचिव,
उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग,
शहीद भगत सिंह कालौनी, अधोईवाला,
देहरादून।

पत्र संख्या 5470 /आयोग सहायक(पत्रा0 सं0–13 / 18) / 2026 दिनांक 24 अप्रैल, 2026

विषयः– शिकायतकर्ता श्री शादाब पुत्र श्री इशाक मोहम्मद निवासी–ग्राम छिनकी पो0 दरउ तह0 किच्छा ऊधमसिंहनगर के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक मा0 आयोग के सम्मन संख्या 883 / उ.अ.आ. / 63–शादाब / उसिंहनगर / 2025–26 दिनांक 25 मार्च, 2026 के संदर्भ में अवगत कराना है कि उक्त पत्र के माध्यम से शिकायतकर्ता श्री शादाब, पुत्र श्री इशाक मोहम्मद, निवासी ग्राम छिनकी, पोस्ट दराउ, तहसील किच्छा, जनपद उधमसिंहनगर द्वारा प्रेषित शिकायती पत्र दिनांक 18.02.2026 प्रेषित करते हुए आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है।

मा0 आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रकरण की जांच हेतु उपजिलाधिकारी किच्छा का प्रेषित किया गया है, उपजिलाधिकारी किच्छा द्वारा अपने कार्यालय पत्र सं0–122 / एस0टी0 / मा0 आयोग प्रकरण / 2026 दिनांक 13.04.2026 से जांच आख्या उपलब्ध कराते हुए निष्कर्ष में उल्लिखित किया गया है कि:–"जिला सेवायोजन अधिकारी, उधमसिंहनगर व शिकायकर्ता द्वारा प्रस्तुत लिखित कथन के अवलोकन उपरान्त यह पाया गया कि शिकायतकर्ता श्री शादाब द्वारा सेवा के अधिकार अधिनियम–2011 के अन्तर्गत किये गये आवेदन को बार–बार निरस्त किये जाने का उल्लेख किया गया है।जबकि जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा आवेदन संख्या UK25ES2300004224 दिनांक 22.12.2025 के द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है। सेवा के अधिकार अधिनियम–2011 के अन्तर्गत आवेदन निरस्त किये जाने के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता अधिनियम के अंतर्गत नामित अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील योजित कर अनुतोष प्राप्त सकता है।

शिकायतकर्ता द्वारा अपने लिखित कथन के बिन्दु सं0 02 में भेदभाव तथा मानसिक उत्पीड़न का उल्लेख किया गया है। परन्तु अपने प्रत्युत्तर में शिकायतकर्ता द्वारा इस सम्बन्ध में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराये गये है। साक्ष्यों के अभाव में शिकायत की पुष्टि किया जाना सम्भव नहीं है।"

अतः उपजिलाधिकारी किच्छा द्वारा उपलब्ध कराई गई जांच आख्या मूल रूप में संलग्न कर सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

संलग्न–उक्तानुसार।

भवदीय,

(पंकज कुमार उपाध्याय)
अपर जिलाधिकारी (प्र0 / न0),
उधमसिंहनगर।